तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 8 मई 2024

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका

11 मैनपुर में खुला जिला सहकारी बैंक का एटीएम...

12 करोड़ों रूपये फूंकने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल...

खबर संक्षेप

करंट से बछड़े की मौत

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के हृदय स्थल देना बैंक ग्राम पंचायत के सामने बिजली ट्रांसफार्मर के खुले सर्किट बाक्स के चपेट में आने से मंगलवार को एक बछडे की मौके पर मौत हो गई। ज्ञात हो कि मैनपुर नगर के इस बिजली के ट्रांसफार्मर में वर्षों से खुले सर्किट है। जिसकी कई बार नगरवासी सर्किट बाक्स लगाने की मांग कर थक चुके हैं। लेकिन बिजली विभाग द्वारा अब तक ध्यान नहीं देने से आज एक बछडे की मौत हो गई। ज्ञात हो कि यहां पर बैंक और ग्राम पंचायत के साथ स्कूल व सरकारी दफ्तर है तथा नेशनल हाईवे के किनारे है, यहा आसपास बच्चों की भींड तथा लोगों की भींड लगी रहती है हमेंशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है, जिसके कारण पूर्व में ही खुल सर्किट को बाक्स लगाने की मांग किया गया था। लेकिन इस ओर बिजली विभाग द्वारा गंभीरता से ध्यान नहीं देने के कारण आज एक बड़ी दुर्घटना के तौर पर खुले सर्किट बाक्स के चपेट में आने से बछडे की मौत हो गई।

शांतिनगर के लोग कीचड़ व गंदगी से परेशान

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर शांतिनगर के निवासी इन दिनों सडक के ऊपर गंदा पानी बहने से कीचड़ और गंदगी से परेशान हो रहे हैं। साथ ही मुक्तिधाम के सामने नाली निर्माण करने के बाद उसके ऊपर मोटर सायकल व अन्य वाहनों के आने -जाने के लिए छोटी रपट निर्माण नहीं करने से आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। लेकिन इस ओर संबधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

गरियाबंद व राजिम में रविवार, छुरा में गुरुवार को बंद रहेंगी दुकानें

गरियाबंद। जिले में दुकान स्थापना अधिनियम, 1958 अंतर्गत गरियाबंद जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में गरियाबंद एवं राजिम में रविवार को, छुरा में गुरुवार को एवं फिंगेश्वर में शुक्रवार को बंद दिवस घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी गरियाबंद ने बताया कि दुकान स्थापना अधिनियम, 1958 की धारा 13 (1) के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र में सप्ताह में एक दिन संस्थान बंद एवं कर्मकारों को साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। राजिम, गरियाबंद में रविवार को तथा छुरा में गुरुवार एवं फिंगेश्वर में शुक्रवार को अति आवश्यक सेवा को छोड़कर अन्य दुकानें/स्थापना/संस्थान छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 की धारा 13(1) के अंतर्गत पूर्णरूप से बंद रहेंगे।

कोटवार संघ की बैठक आज

सुरसाबांधा। कोटवार एसोसिएशन आफ छत्तीसगढ़ तहसील शाखा राजिम का मासिक बैठक 8 मई को तहसील परिसर राजिम में 11 बजे रखा गया है। संघ के तहसील अध्यक्ष हुलास राम साहू ने बैठक में सभी कोटवारों को उपस्थित होने की अपील की है।

23 साल बाद अक्षय तृतीया पर विवाह मुहूर्त को लेकर असमंजस, नहीं बजेगी शहनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

बिना शुभ अशुभ देखे शुभ कार्य करने का दिन अक्षय तृतीया, अक्ती, परशुराम जयंती आदि नाम से जाने वाले दिन में इस वर्ष किसी भी शुभ कार्य को नही करने का पंचाग में उल्लेखित निर्देश लोगों के लिए असमंजस उत्पन्न कर दिया है। इस शुभ दिन को पूजा कर मुहुर्त मान शुभ काम करने लोग बकायदा पत्रिका आमंत्रण छपवाकर बांट रहे है। हिन्दी पंचागों के अनुसार इस वर्ष 28 अप्रैल के बाद लगातार 51 दिनों तक शुभ मुहुर्त नहीं है। यानी अब बैशाख एवं जेठ में विवाह नहीं होना कहा जा रहा है। जबकि अंचल में अभी मई के प्रथम सप्ताह एवं 10 मई अक्षय तृतीया के दिन आमंत्रण बांटे जा रहे है।

28 अप्रैल के बाद लगातार 51 दिनों तक शुभ मुहुर्त नहीं

गुरू शुक्र तारा अस्त होने से मुहूर्त नहीं

वैशाख कृष्ण चतुर्थी 28 अप्रैल से आषाढ़ कृष्ण अमावस्या पांच जुलाई तक शुक्र तारा अस्त रहेगा। इसी बीच बैशाख कृष्ण चतुर्दशी सात मई से ज्येष्ठ कृष्ण अष्टमी 31 मई तक गुरू तारा अस्त रहेगा। गुरू व शुक्र तारा अस्त होने से शुभ संस्कार नहीं किए जाएंगे। हालांकि वैशाख शुक्ल तृतीया यानी अक्षय तृतीया को महामुहुर्त कहा गया है जो 10 मई को है। इस दिन गुरू शुक्र तारा अस्त होने से मुहूर्त नहीं है लेकिन अबूझ मुहुर्त माने जाने से विवाह किया जा सकता है। अक्षय तृतीया जो छत्तीसगढ़ में अक्ती के नाम से प्रसिद्ध है। इस दिन सूर्य और चंद्रमा उच्च के होते है। सूर्य मेष राशि में और चंद्रमा वृषभ राशि में होते है। इसीलिए अक्षय तृतीया को अबूझ मुहुर्त कहा जाता है। अक्षय तिथि अर्थात जिस तिथि का कभी क्षय नहीं होता।

अक्षय तृतीया अपने आप में बिना देखे जानें शुभ दिन माना जाता है। इस दिन छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा शादी होने का रिवाज है। बिना पंचाग देखे शुभ कार्य संपन्न किए जाने वाला अबूझ महामुहूत अक्षय तृतीया को माना जाता है। लगभग 23 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है जब अक्षय तृतीया के दिन विवाह का कारक ग्रह माने जाने वाले शुक्र और गुरू तारा अस्त होने से इस दिन विवाह मुहुर्त नहीं है। हालांकि अक्षय तृतीया को महामुहुर्त माने जाने से शुभ संस्कार संपन्न होंगे। खास बात यह है कि हर साल गर्मी के दिनों में मई और जून महीने में सबसे ज्यादा विवाह मुहूर्त होते है लेकिन इस साल मई-जुन में विवाह मुहुर्त नहीं है। पंडित अंजनी शरण महराज के अनुसार अक्षय तृतीया पर ⏭शेष पेज 10 पर

मतदान : जौंदा के आदर्श मतदान केंद्र में प्रथम मतदाता का स्वागत गुलाब के फूलों से किया गया

सुबह-सुबह मतदान केंद्रों में रही भीड़, दोपहर के बाद पसरा रहा सन्नाटा, शाम तक 67 % वोटिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

रायपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक शांतिपूर्ण मतदान हुआ। कहीं भी कोई अप्रिय वारदात की शिकायत सुनने को नहीं मिली। शुरूआती दौर में सुबह-सुबह 11 बजे के पहले मतदान केंद्रों में बहुत ही भीड़ नजर आई। दोपहर से लेकर शाम 4 बजे तक अधिकांश मतदान केन्द्रों में सन्नाटा पसरा रहा।

मालूम हो कि मई जैसे तेज ताप रहने वाले माह में मंगलवार को वोटिंग के पहले आकाश पे बादल छा गए। मौसम सुहाना हो गया और बारिश के फुहारे शुरू हो गई। इसे देखकर ऐसा लगने लगा कि कहीं दिन भर बारिश न हो जाए परंतु आधे घंटे के भीतर मौसम ने फिर करवट बदला। फुहारे थम गई मगर आकाश पर बादल छाया रहा। इससे वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचने वाले लोगों को बड़ी राहत मिली। हालांकि दोपहर के होते-होते सूर्य देव का तपन फिर शुरू हो गया और तेज गर्मी पड़ने लगी। शाम 4 बजे के बाद एक बार फिर मौसम सुहाना हुआ। कुल मिलाकर मौसम के उतार-चढ़ाव ने मतदाताओं के इरादे पर कोई प्रभाव नहीं डाल सका। लोग बेखटके अपने स्वयं के संसाधन से वोट डालने के लिए पहुंचते रहे। कई मतदान केंद्र ऐसे भी रहा जहां ⏭शेष पेज 10 पर

झलकियां

- मतदान के दौरान ग्राम कुर्रा, परसदा और चंपारण में वीवीपेट किंचित खराब हो गया था जिसे तुरंत ठीक कर लिया गया।
- अभनपुर क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू ने अपने गृहग्राम बेंद्री के मतदान केंद्र क्रमांक 16 में अपनी धर्मपत्नी के साथ पहुंचकर वोट डाला।
- कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने अपने गृहग्राम तोरला के मतदान केंद्र क्रमांक 76 में पहुंचकर सुबह 11 बजे वोट डाला। वे सुबह से लेकर शाम तक ढेर सारे मतदान केन्द्रों में पहुंचकर वोटिंग के प्रतिशत और जनता के रूख को जानने का प्रयास करते रहे। शाम को हरिभूमि से चर्चा करते हुए उन्होने कहा कि इस चुनाव में व्यापक जनसमर्थन दिखा है। प्रशासन की व्यवस्था भी अच्छी थी। पंडाल में पानी वगैरह का इंतजाम अच्छा किया गया था। लोगो में भी जागरूकता देखी गई।
- पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू अपने गृहग्राम मानिकचौरी में वोट डाला। वोट डालने के बाद वे क्षेत्र के मतदान केंद्रो में अवलोकन के लिए निकल गए।

दंतैल पहुंचा महासमुंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

दंतैल हाथी फिंगेश्वर वनांचल से पार होकर महासमुंद के जिले मे प्रवेश किया। वनविभाग सहित वनांचल के लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं गरियाबंद जिले में

- वनविभाग सहित वनांचल के लोगों ने ली राहत की सांस

धमतरी से दो हाथियों के आने का अंदेशा है। पांडुका वन परिक्षेत्र से निकलकर फिंगेश्व वन परिक्षेत्र मे प्रवेश करने वाला खूनी दंतैल हाथी गनियारी के जंगल मे अपना डेरा जमाया हुआ था। इस दंतैन हाथी के आने की सूचना वनविभाग के द्वारा संबधित ग्रामो को देकर मुनादी करा दी गई थी। गनियारी से यह दंतैल हाथी 5 मई की रात्रि मे निकल कर गुंडरदेही के जंगल सोनई रूपई मे अपना डेरा जमाया था और यहां पर एक दिन रूककर वह महासमुंद जिले के जंगल मे चला गया। उस दंतैल हाथी के जाने के बाद जहां ग्रामीणों ने राहत की सांस ली वहां पर वनविभाग ने भी राहत महसूस ⏭शेष पेज 10 पर

धान संग्रहण कुण्डेल भाठा के चौकीदार ने 45 दिन बाद अस्पताल में ली अंतिम सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

जिला विपणन संघ गरियाबंद का जिला धान संग्रहण केंद्र कुण्डेल भाठा में 19 मार्च भारी आंधी तुफान के साथ बारिश हूई थी। इसी रात केन्द्र की धान की रखवाली करने रात्रि में 28 चौकीदार ड्यूटी कर रहे थे। बारिश और तुफान से बचने पुराना आफिस की दिवाल से खड़े थे, तभी तुफान ने आफिस में लगे टिन सेड और उसमें लगे बल्ली को तुफान ने उलट दिया। जिससे वहां खड़े चौकीदार कुछ भागने में सफल हूये तो कूछ चौकीदार टीना शेड़ और बल्ली में दब गये थे। जिससे ओंकार सोनवानी कुण्डेल के अनेक जगह गंभीर चोट आई थी। जिसे बालाजी हास्पिटल रायपुर में 20 मार्च को भर्ती कराया गया था। जिसका लगभग 45 दिन तक इलाज चल रहा था। तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर 7 अप्रैल को बालाजी हास्पिटल रायपुर में मृत्यु हो गया। पीड़ित मरीज के पिता तारा चंद सोनवानी ने कहा 19 मार्च की घटना के बाद निजी हास्पिटल बालाजी मे 45 तक जीवन से संघर्ष करता रहा। 7 अप्रैल को मेरे पुत्र का देहांत हो गया। इस दौरान लगभग 25 लाख से ज्यादा खर्च हो गए। जिला धान संग्रहण केन्द्र कुण्डेल भाठा के प्रभारी दिपक कन्नौजे द्वारा महज 1 लाख 65 हजार दिया गया है। ड्यूटी के दौरान घटना होने के कारण इलाज के दौरान हूये खर्च पुरा किया जाना चाहिए।

- 19 मार्च को ड्यूटी दौरान आंधी तूफान से टीन शेड़ व बल्ली में दबने से हुआ था चोटिल

पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले दो आरोपी एंटीपोचिंग टीम की हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व इलाके में पोटाश बम से भालू का शिकार करने वाले 2 आरोपियों को 25 दिनों बाद एंटी पोचिंग टीम ने ओडिशा बॉ ड र कालीमाटी से गिरफ्तार किया। ये आरोपी मध्यप्रदेश के शिकारी से बम खरीदकर भालू का शिकार करते थे। इस कार्रवाई में गरियाबंद पुलिस साइबर सेल का अहम योगदान रहा। आरोपियों का मध्य भारत में सक्रीय बड़े गिरोह में शामिल होने की आशंका जताई जा रही। सोमवार को गोपनीय सूचना से खबर मिली कि इंदागांव (घुरवागुड़ी) बफर परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 1243 पहाड़ी के नीचे पोटाश बम से भालू ⏭शेष पेज 10 पर

- गिरफ्तार आरोपी मध्य भारत के बड़े गिरोह में शामिल होने की आशंका

पोटाश बम से 6 सुअरों का कर चुके हैं शिकार

आरोपियों ने बताया, एक साल पहले कटनी मध्यप्रदेश से आए शिकारी समुदाय के व्यक्ति से 500 रुपए में 1 पोटाश बम का क्रय किया। आरोपी हजारी ने आरोपी उत्तम के साथ मिलकर पोटाश बम से पांच से छः सुअर का शिकार किए हैं और सुअर के मटन को पांच सौ रुपए प्रति किलो के हिसाब से बिक्री किया और मध्यप्रदेश के शिकारी से पोटाश बम खरीदकर 8 अप्रैल को भालू का शिकार किया, दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर भुपेन्द्र कुमार सोनी वनपाल सहायक परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। आरोपियों के घर से पहले ही भालू का चमड़ा एवं 1 नाखून, जंगली सूअर का जबड़ा एवं 3 दांत, गोहिया (मॉनिटर लिजार्ड) का चमड़ा एवं फंदे बरामद किया जा चुका है। इस कार्रवाई में एन्टी पोचिंग टीम सुशील सागर परिक्षेत्र अधिकारी इंदागांव (धुरवागुड़ी) बफर, गरियाबंद पुलिस साइबर सेल प्रभारी सतीश यादव, वनरक्षक डोमार कश्यप, ओम प्रकाश राव, फलेश्वर दीवान, विरेन्द्र धुरव, भुपेन्द्र भेड़िया, यज्ञ मालती यादव एवं इंदागांव (धुरवागुड़ी) स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

मौसम बिगड़ते देख किसान चिंतित, फसल खराब होने का खतरा

आंधी के साथ तेज बारिश, धान की फसल झुकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

मंगलवार को सूर्योदय से पहले तेज हवा तूफान के साथ झमझम बारिश हुई। बेमौसम बारिश से खेती किसानी कार्य प्रभावित हुए हैं। वहीं अचानक हुए बारिश से खड़े हुए धान झुक के लेट गया। रबी फसल के धान झुक जाने से किसानों को भारी दिक्कत का समाना करना पड़ सकता है। अंचल में रबी फसल लगे धान की कटाई चल रही है। सुबह बारिश होने से धान कटाई के काम अवरुद्ध हो गया था लेकिन 12 बजे के बाद आसमान साफ होने पर धान कटाई फिर शुरू हो गया। रबी फसल में लगे धान पक कर काटने के लिए तैयार हो गया है। धान कटाई के काम भी जोरो पर चल रहा है।

तेज हवा और बारिश किसानों के लिए मुसीबत बन कर आया। अंचल में हुई तेज हवा और बारिश से धान की फसल को नुकसान हुआ है। किसान रामकृष्ण ने बताया कि आंधी- तूफान व बारिश के कारण धान की फसल खेत में झुक गई है। इससे फसल को नुकसान हुआ है। खेत में पानी भरे रहने से धान की फसल खराब होने का खतरा बना हुआ है। उन्होंने बताया कि फसल पक कर पूरी तरह तैयार हो चुकी है। अब तेज हवा और बारिश बाधा बन रहा है। शाम होते ही मौसम फिर बिगड़ गया और हवा तूफान के साथ आसमान में बादल छाए हुए थे। मौसम बिगड़ते देख किसान फिर चिंता में डूब गए हैं। किसानों के सामने खेतों में पके हुए धान को काटकर सुरक्षित घर तक लाने को चुनौती है।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

खबर संक्षेप

शंकराचार्य जयंती समारोह 12 को, सीएम होंगे शामिल

रायपुर। छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा शहीद स्मारक भवन में 12 मई को प्रदेश स्तरीय शंकराचार्य जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूजन अर्चन, शोभायात्रा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन आदि संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा होंगे। विशेष अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, महंत डॉ. रामसुंदर दास, डॉ. महेश गिरि दिल्ली, महंत सच्चिदानंद गिरि दिल्ली और वीरेंद्र अयोध्या पुरी गोस्वामी उपस्थित होंगे।

लायंस क्लब सीनियर के सदस्यों ने मतदान करने लिया संकल्प

रायपुर। लोकतंत्र के महापर्व पर लायंस क्लब सीनियर के सदस्यों ने मतदान करने के लिए संकल्प लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सदस्यों ने कहा कि वोट अवश्य कीजिए, लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है, प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय निवासियों को मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कला जत्था के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

कमल विहार में ज्ञान क्षेत्र का उद्घाटन 12 को

रायपुर। आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार रायपुर द्वारा गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन की पूर्व संध्या 12 मई को कमल विहार ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रायपुर सहित छत्तीसगढ़वासियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि 12 मई को सुबह 8 बजे वास्तु और गणेश होमा, सुबह 11 बजे उद्घाटन कार्यक्रम एवं दोपहर में भोजन का कार्यक्रम होगा।

फायनेंस कंपनी के कर्मचारी पर 3 लाख 29 हजार रुपए गबन का मामला

महासमुंद। नगर में फायनेंस कंपनी के कर्मचारी द्वारा 3 लाख 29 हजार से ज्यादा रुपए किए जाने का गबन मामले में संस्था के ब्रांच मैनेजर ने महासमुंद में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी खगेश्वर नंद पिता जयलाल नंद (32) अंतरझोला थाना बलोदा जिला महासमुंद ने बताया कि मैं बीटीआई रोड स्थित शिवानंद कॉलोनी में शाखा कार्यालय स्थित आरोहन फायनेंस कम्पनी में ब्रांच मैनेजर विगत अक्टूबर 2022 से कार्यरत हूं। यह कंपनी आरबीआई से पंजीकृत है और ग्रामीण/शहरी महिलाओं का समूह बनाकर ऋणधारी ग्राहक अपनी किस्त को मासिक रूप में जमा करते है जिसके पावती उनको ऋण पुस्तिका में इंद्राज किया जाता है।

फिल्टर प्लांट और इंटकवेल संचालन में नगर निगम के हाथ-पांव फूले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन में निगम प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। हर महीने औसतन 3 करोड़ रुपये और 1 साल में 36 करोड़ रुपये के भारी भरकम बिजली बिल का भुगतान करने नगर निगम राज्य सरकार के भरोसे है। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे नगर निगम के जल विभाग ने इसके लिए सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया है। इसे शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।

रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में रहने वाले 14 लाख लोगों को नगर निगम भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट और इंटकवेल से शहर की 43 नई और पुरानी पानी टंकियों के माध्यम से 12 महीने शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करता है। इस सतत प्रक्रिया में जल शुद्धिकरण के दौरान फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन के लिए प्लांट को चौबीस घंटे संचालित करने बिजली की जरूरत पड़ती है।

सूत्रों के मुताबिक फिल्टर प्लांट संचालन के लिए हर महीने करीब 3 करोड़ के बिजली बिल का भुगतान नगर निगम को करना पड़ता है। इस तरह 1 साल में 36 करोड़ रुपये फिल्टर प्लांट और एनीकेट के बिजली बिल का खर्च है। 2018 से पहले नगर निगम फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के विद्युत बिल का नियमित रूप से भुगतान करने की स्थिति में रहा, पर 2018 के बाद से जल विभाग विद्युत बिल का भुगतान समय पर नहीं कर पा रहा है।

हरिभूमि सरोकार

- हर बार राज्य सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत
- एक साल में 36 करोड़ का बिजली बिल

जल शुल्क और विद्युत शुल्क का 156 करोड़ बकाया

निगम के अधिकारियों के मुताबिक फिल्टर प्लांट के 2 साल का बिजली बिल भुगतान लंबित है। इसी तरह जल शुल्क के रूप में एकमुश्त राशि का भुगतान लंबित है। जल शुल्क और विद्युत शुल्क मिलाकर कुल 156 करोड़ रुपये का भुगतान नगर निगम के जल विभाग ने अब तक नहीं किया है।

सोलर प्लांट का प्रस्ताव

निगम के फिल्टर प्लांट में बिजली की बचत के लिए प्रधानमंत्री विद्युतीकरण योजना अंतर्गत सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। इस प्रस्ताव को राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।
- **सतनाम पनाग,** अध्यक्ष, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

रॉ वाटर खरीदने में ही हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च

जल विभाग हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए का रॉ वाटर सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम के माध्यम से खरीदता है। साल में 10 महीने तक उसे डेम से पानी खरीदने की जरूरत पड़ती है। इस तरह 10 महीने में 11 करोड़ रुपये का रॉ वाटर शहर के 70 वार्डों के लिए खरीदा जाता है, जबकि बारिश के दिनों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों की उपलब्धता केवल 2 माह तक रहती है। इन 2 महीनों में खारुन का पानी लोगों की प्यास बुझाता है। इसीलिए सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम का कच्चा पानी खरीदने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

तापमान 43 डिग्री, दोपहर ढाई से तीन बजे के बीच पीक पर रहेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ऐसा रहा तापमान

रायपुर	43.0
बिलासपुर	43.2
पेंड्रा	41.8
अंबिकापुर	41.2
जगदलपुर	40.5
दुर्ग	42.4
राजनांदगांव	42.8

मौसम में अगले चौबीस घंटे में बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। दोपहर ढाई से तीन बजे तक गर्मी अपनी चरम स्थिति में रहेगी। शाम के बाद शहर सहित मध्य इलाके में बूंदाबांदी अथवा हल्की बारिश हो सकती है। सोमवार को सुबह छाए बादल और ठंडी हवा के बाद दोपहर शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री पर सिमट गया। रविवार को मई का सर्वाधिक तापमान 43.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जिसमें दूसरे दिन सोमवार को आधा डिग्री तक की गिरावट हुई। तापमान भले ही मामूली रूप से कम रहा, मगर गर्मी के तेवरों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। दोपहर तेज और झुलसाने वाली गर्मी के बीच शहर का अधिकतम पारा 43 डिग्री दर्ज किया गया। तेज गर्मी की वजह से ज्यादातर लोगों ने घर अथवा दफ्तरों में रहकर अपना कामकाज किया।

आवश्यक होने पर जो बाहर निकले, उन्होंने स्कार्फ अथवा अन्य सुरक्षा उपाय किए। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ का प्रभाव हो रहा है, जिसकी वजह से मंगलवार को हल्के बादल छाए रहेंगे और तापमान 43 डिग्री के आसपास ही रहेगा। अनुमान लगाया जा रहा है कि जैसे-जैसे दिन चढ़ेगा, गर्मी अपना असर दिखाएगी और दोपहर के वक्त तापमान अपने पीक पर रहेगा। शाम होने के बाद पारा धीरे-धीरे नीचे उतरेगा। इसके बाद कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ भी चल सकता है।

आबकारी विभाग की दबिश में मिली अंग्रेजी शराब

9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 3 लाख की महंगी शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आबकारी विभाग ने रविवार रात मंदिरहसौद क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की महंगी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दंतेवाड़ा जिले का रहने वाला है, जो पेशे से अवैध शराब बिक्री का कारोबारी है। उसके पास से विभागीय टीम ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 64 बोतल शराब बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 3 लाख रुपये आंकी गई है।

टाटा नैनो से 60 हजार कीमत की शराब बरामद

विभागीय टीम ने इसके अलावा शंकर नगर क्षेत्र के कचना मार्ग पर एक नैनो कार की तलाशी लेने पर उसमें से 60 हजार कीमत की शराब बरामद की है। इस कार से 230 नग केन बीयर और मेक्डावल नंबर वन ब्रांड की 7 बोतल शराब बरामद की है। टीम ने कार चालक डंकानारा सीमूल निवासी दुर्ग नगर न्यूराजेंद्र नगर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार तिल्दा क्षेत्र में भी अलग-अलग दो जगह से दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 210 लीटर शराब से भरी बोतले जब्त की है। इन तीनों प्रकरण में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

सूनी जगह पर झाड़ियों में छिपाकर रखी थी शराब

जिला आबकारी उपायुक्त विकास गोस्वामी ने बताया कि लोकसभा चुनाव का 7 मई को मतदान होना है। इसे लेकर पूरे जिले में 5 मई शाम को 5 बजे से ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके तहत जिलेभर में शराब दुकानें भी बंद हैं। इस दौरान अवैध शराब की तस्करी व कारोबार करने वालों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि रविवार रात को विभागीय टीम ने मंदिरहसौद क्षेत्र में वुडआइलैंड के निकट एक कच्ची सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया, उसके हाथ में एक थैला था। विभाग की टीम जब उसके पास पहुंची, तो वह भागने का प्रयास करने लगा। पकड़कर कर पूछताछ की गई, तो उसने खुद का नाम राजा दुर्गा बड़े बचेली दंतेवाड़ा का रहने वाला बताया है। उसके थैले से महंगी शराब की दो बोतल बरामद की। इसके बाद उससे जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने कच्ची सड़क के पास झाड़ियों में शराब छिपाकर रखना बताया। विभाग ने झाड़ियों से 64 शराब की बोतल बरामद की। ये सभी शराब की बोतले दूसरे राज्य जैसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश की है। बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। राजा दुर्गा ने पूछताछ में यह भी बताया कि वह शराब बेचने का काम करता है। रायपुर में वह शराब बेचने के लिए ही आया था। पूछताछ में आरोपी से विभागीय अधिकारी यह पता नहीं लगा पाई कि दूसरे राज्यों की इतनी महंगी शराब उसके पास कहां से आई। फिलहाल इस मामले में आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 6 जून से, जुलाई के प्रथम पखवाड़े तक चलेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- एक ही पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक होंगी परीक्षाएं

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। परीक्षाएं एक पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएंगी। रविवि अध्ययनशाला के साथ ही महाविद्यालयों को भी समय-सारिणी प्रेषित कर दी गई हैं। किसी तरह की त्रुटि होने पर सूचित करने कहा गया है। रविवि की सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 6 जून से होगी। विवि प्रबंधन द्वारा ठीक एक माह पहले समय-सारिणी जारी की गई है। परीक्षाएं 15 जुलाई को समाप्त होंगी। सबसे अंत में बीवॉक और एमएससी आईटी की परीक्षाएं समाप्त होंगी। एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 28 जून तक चलेगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 जून से 2 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। एमए के अंतर्गत विभिन्न विषयों की परीक्षाएं 6 जून से 2 जुलाई तक आयोजित होगी। बीबीए की परीक्षाएं 11 जून से 3 जुलाई, सीबीएस की परीक्षाएं 6 जून से 11 जुलाई तथा बीफॉर्मा की परीक्षाएं 10 जून से 3 जुलाई तक होगी। समय-सारिणी रविवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

22 साल बाद अंक सुधार

रविवि ने एक छात्रा की अंकसूची में दर्ज अंकों में 22 साल बाद सुधार किए हैं। इसके परिणाम भी घोषित किए गए। छात्रा शासकीय महाविद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा है। छात्रा के बीए द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के अंक सुधार पश्चात परिणाम दोबारा जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि अंतिम वर्ष की अंकसूची में तीनों वर्ष के अंकों का उल्लेख होता है। कई बार त्रुटिवश प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की अंकसूची में दर्ज अंक और अंतिम वर्ष की अंकसूची में दर्ज अंकों में एकरूपता नहीं रह पाती है। डिग्री के लिए आवेदन करने के दौरान दोनों में एक समान अंक होना जरूरी होता है। अधिकतर छात्र इस ओर ध्यान ही नहीं देते हैं। डिग्री के लिए आवेदन देने के बाद उन्हें त्रुटि पता चलती है। ऐसे में छात्रों द्वारा अंक सुधार के लिए आवेदन दिया जाता है तथा रविवि पुनः परिणाम जारी करता है।

एक्शन मोड में सीनियर डीसीएम यात्री बनकर पहुंचे स्टेशन

कुलियों को शराब पीते रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी पदभार संभालने के बाद ही एक्शन मोड में आ गए हैं। सोमवार को सुबह आम यात्री की तरह बिना स्टॉफ की मदद के उन्होंने स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण कर स्टेशन में मौजूद जन सुविधाओं को जायजा लिया।

इस दौरान जब सीनियर डीसीएम जब कुली विश्राम गृह में पहुंचते तो सुबह से ही कुली शराब पीते नजर आए। वाणिज्य प्रबंधक ने भविष्य में ऐसा गलती न करने की हिदायत दी। स्टेशन पर कार्यरत कुली बिल्ला क्रमांक 165 सुभाष निर्मलकर ने लिखित में स्वीकार किया कि वह और उसके साथी शराब पी रहे थे। निर्मलकर के साथ भुवन साहू, अरुण निर्मलकर झराड प्रसाद भी साथ में मदिरापान में शामिल थे। कुली का बिल्ला 165 क्रमांक जमा करा लिया गया है।

यात्री बनकर देखो स्टेशन की व्यवस्था

आकस्मिक निरीक्षण के बाद वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि मैं आम यात्री की तरह स्टेशन का निरीक्षण करना चाहता था। यात्री की नजर से जन सुविधा को देखा है। स्टेशन में व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार से दिक्कत न हो। निरीक्षण के दौरान पाया कि क्लॉक रूम में कार्यरत स्टाफ अपने कार्यों को नियमानुसार कर रहे थे, यात्रियों से व्यवहार भी सौम्य था व स्टॉल पर ओवरचार्जिंग भी नहीं पाई गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने सभी यात्रियों को आगाह किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमित गतिविधियां अगर स्टेशन में पाई जाती हैं, तो तुरंत 139 रेलवे हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

महादेव सट्टा एप : सटोरियों से जब्त अकाउंट में 5 से 10 लाख ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

महादेव सट्टा एप को लेकर पुलिस ने महाराष्ट्र, पुणे से जिन 26 सटोरियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से जो बैंक अकाउंट जब्त किए गए हैं, उनमें से एक दर्जन से ज्यादा बैंक अकाउंट रायपुर तथा दुर्ग में खोले जाने की बात सामने आई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक जब्त बैंक अकाउंट में एक दिन में पांच से दस लाख रुपए तक के ट्रांजेक्शन किए गए हैं।

- बैंकों को नोटिस जारी करने की तैयारी

पुलिस अफसरों के मुताबिक पुणे में गिरफ्तार किए गए सटोरियों के कब्जे से जो बैंक अकाउंट जब्त किए गए हैं, उन अकाउंट की प्रारंभिक पड़ताल में 30 करोड़ रुपए लेन-देन करने की जानकारी मिली है। अकाउंट के डिटेल खंगालने पर लेन-देन करने का आंकड़ा 30 करोड़ रुपए से पार जा सकता है। अकाउंट खुलने के बाद से लेकर उसमें अब तक कितने का ट्रांजेक्शन किया गया है, इस संबंध में जानकारी जुटाने पुलिस अफसर संबंधित बैंक को पत्र लिखने की बात कह रहे हैं।

पांच से दस लाख तक ट्रांजेक्शन

पुलिस ने जो बैंक अकाउंट जब्त किया है, उसमें पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अकाउंट में एक दिन में पांच से 10 लाख रुपए ट्रांजेक्शन किए गए हैं। जब्त किए गए अकाउंट सेविंग खाता हैं। सेविंग अकाउंट हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि सेविंग अकाउंट में एक दिन में पांच से 10 लाख रुपए कैसे ट्रांजेक्शन किया जा सकता है, जबकि बैंक लेन-देन पर आयकर विभाग की निगरानी रहती है।

बैंक कर्मियों की संलिप्तता की जांच

एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक बैंक कर्मियों की बगैर मिलीभगत के फेक आईडी तथा बगैर आईडी प्रूफ के बैंक अकाउंट खोलना संभव नहीं है। पुलिस अफसर के अनुसार ज्यादातर बैंक अकाउंट फेक आईडी के खोले गए हैं। अफसर इस संबंध में पड़ताल करने के बाद दोषी बैंक कर्मियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

ट्रांसफर रकम की जानकारी जुटाएंगे

पुलिस अफसरों के मुताबिक सट्टा संचालित करने जो बैंक अकाउंट खोले गए थे, उन अकाउंट से किन-किन लोगों के अकाउंट में कितनी रकम ट्रांसफर की गई, पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाएगी। इसके साथ अकाउंट से कितने रुपए कैश निकाले गए, पुलिस इसकी भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है।

आयकर विभाग की नजरें बचाकर ट्रांजेक्शन

पूर्व में सट्टा संचालित करने जिन सेविंग अकाउंट में एक दिन में लाखों का ट्रांजेक्शन किया गया, उन खाताधारकों को आयकर विभाग ने नोटिस जारी किया था। आशंका जताई जा रही है, महादेव सट्टा एप से जुड़े सटोरिए बैंक प्रबंधन के साथ मिलीभगत कर सट्टा संचालित करने जो बैंक अकाउंट खुलवाए थे, उन अकाउंट की जानकारी आयकर विभाग तक नहीं पहुंचे, इसके लिए बैंक कर्मियों के साथ साठ-गांठ की होगी।

पप्पू जेठवानी की तलाश में जुटी पुलिस

पैनल लेकर सट्टा संचालित करने के मास्टर माइंड समता कालोनी निवासी पप्पू जेठवानी है, जो अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस को आशंका है कि पप्पू जेठवानी हैदराबाद में छिपा हो सकता है या फिर वह दुबई फरार हो गया है। पप्पू के देश में छिपे होने की स्थिति में पुलिस उसके छिपने के संभावित ठिकानों में छापे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

खारुन नदी में जलकंभु की भरमार

रायपुर। शहर की लाइफलाइन कही जाने वाली जीवनदायिनी खारुन नदी में जलकुंभी की भरमार से लोग परेशान हैं। महादेवघाट से लक्ष्मण झूला तक भारी मात्रा में जलकुंभी जमा होने से घाट पर पूजा पाठ, स्नान करने आने वालों को दिक्कत हो रही है। वहीं महादेवघाट में परिजनों के अंतिम संस्कार के दौरान अंतिम क्रिया कर नदी में पवित्र स्नान के लिए साफ-सुथरी जगह नही होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना सब होने के बाद भी इस अव्यवस्था को देखने वाला कोई नहीं है। रायपुर नगरनिगम शहर के ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने के मामले में कोताही बरत रहा है। एक तरफ जहां राजधानी के प्राचीन तालाबों की सफाई, सौंदर्यीकरण और गंदे नाले -नालियों की गंदगी को तालाबों में गिरने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करवा रहा है। वहीं महादेवघाट स्थित खारुन नदी की नियमित सफाई नहीं होने से इन दिनों घाट से लेकर लक्ष्मण झूला वाले क्षेत्र में भारी मात्रा में जलकुंभी जमा है। इसके कारण नदी का साफ पानी दूर तक नजर नहीं आ रहा। गर्मी के दिनों में राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों से लोग यहां नौका विहार का आनंद उठाने पहुंचते हैं, पर खारुन नदी में जलकुंभी के जाल ने नौका विहार का रास्ता रोक रखा है।

पेज 9 के शेष...

23 साल बाद अक्षय...

गुरू तारा अस्त रहेगा। इससे पहले सन 2000 में भी ऐसा ही संयोग बना था। इस साल संवत 2081 में वैशाख माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि से ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि तक गुरू तारा अस्त रहेगा। अंग्रेजी वर्ष के अनुसार गुरू तारा सात मई से 31 मई तक अस्त रहेगा। ज्योतिष शास्त्र में विवाह के लिए कुंडली मिलान, गुण दोष मिलान किया जाता है। इसके अलावा गुरू और शुक्र को विवाह का कारक ग्रह माना जाता है। यदि आकाश मंडल में गुरू और शुक्र ग्रह उदितमान हो तो ही विवाह के शुभ मुहुर्त होते है। यदि ये ग्रह अस्त हो तो विवाह के लिए मुहुर्त नहीं होता। दोनों ग्रह के अस्त होने से मई-जून में विवाह के फेरे नहीं लिए जा सकेंगे।

सुबह-सुबह मतदान...

लोग पैदल ही चलकर वोट डालकर वापस लौटते रहे। शाम 5 बजे तक के रिपोर्ट की जानकारी देते हुए तहसीलदार सूरज बंछोर ने हरिभूमि को बताया कि 67 फीसदी मतदान अभनपुर विधानसभा क्षेत्र में हुआ।

अधिकांश मतदान केंद्र ऐसे रहे जहां सुबह से लेकर शाम तक वोट डालने के लिए मतदाताओं के आने-जाने का सिलसिला चलता रहा। यही हाल नवापारा शहर का भी था। खास बात इस चुनाव में यह दिखी कि चुनाव प्रचार से लेकर मतदान के होते तक किसी प्रकार से कहीं भी कोई अप्रिय घटना की खबर नहीं आई। यहां यह भी उल्लेख करना जरूरी है कि जिस तरह से अभी 5 महीना पहले पिछले विधानसभा चुनाव में गांव-गांव में गजब का उत्साह और शानदार माहौल देखने को मिला था वैसा कुछ भी इस लोकसभा के चुनाव में नहीं दिखा। यहां तक कि मतदान केंद्रों से एक निर्धारित दूरी पर दोनों पार्टियों के पंडाल जरूर नजर आया मगर पंडाल में मतदाताओं को इस बार न तो भजिया खाने को मिला और न ही चाय। कहीं-कहीं अपवाद स्वरूप कुछ नाश्ता, पानी, पोहा वगैरह खिलाते जरूर देखा गया। इस बार भी नए मतदाताओं को उत्साहित देखा गया है।

दंतैल पहुंचा...

की। सूत्रों से पता चला है कि धमतरी जिले मे विचरण करने वाले दो हाथी का रूख भी गरियांबंद जिले की ओर हो रहा है।यदि ये गरियाबंद जिले मे आते है तो निश्चित ही ये हाथी भी पांडुका वनपरिक्षेत्र से गुजर कर महासमुंद जिले की ओर रूख करेंगे। इन हाथियों को वनविभाग अभी निगरानी कर रहा है। इस प्रकार अंचल मे हाथियों के विचरण से वनविभाग सहित वनांचल में निवास करने वाले ग्रामीण भी परेशान है। वनविभाग की जहां जवाबदेही होती है कि आने वाले हाथी बिना किसी को नुकसान पहुंचाये क्षेत्र से विदा हो। वहीं पर ग्रामीणों मे भी किसी अनजाने हादसे को लेकर भयभीत रहते हैं।

पोटाश बम से...

का शिकार किया गया है। इसके बाद सुधीर अग्रवाल प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी) रायपुर छत्तीसगढ़, विश्वेश कुमार झा मुख्य वन संरक्षक (वन्यप्राणी), क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर एवं वरुण जैन, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद के मार्गदर्शन में आरोपी हजारी पिता तुलसीराम एवं उत्तम पिता खगेश्वर को एन्टी पोचिंग टीम ने गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए कार्यालय सहायक संचालक उदंती (मैनपुर) लाया। दोनों आरोपियों ने पोटाश बम से भालू का शिकार करने की बात कही।

मेडिकल की नई तकनीक विकसित करने एम्स-आईआईटी इंदौर के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेडिकल की नई तकनीक और शोध तथा अनुसंधान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और आईआईटी इंदौर के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया है। एमओयू के तहत हेल्थ वर्कर्रों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देने सिम्युलेटर और किट प्रदान किया जाएगा। एम्स की ओर से कार्यपालक निदेशक जनरल अशोक जिंदल और आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अमनदीप श्रीवास्तव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एम्स निदेशक ने बताया कि एमओयू की मदद से दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान सुगम हो सकेगा।

इससे नई तकनीक के विकास, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, शोध और अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सामाजिक कार्यों में नई पहल संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से संयुक्त शोध परियोजनाओं पर कार्य करके नई तकनीक विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसकी मदद से विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों का आसानी के साथ मुकाबला किया जा सकता है। एमओयू के पहले चरण में एम्स को ऐसे सिम्युलेटर और किट प्रदान किए जाने की योजना है, जिससे स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। इनकी मदद से प्रारंभिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एमओयू के कार्यान्वयन के लिए ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप भी बनाए जाने का प्रस्ताव है। इस अवसर पर अधिष्ठाता (शोध) प्रो. सरिता अग्रवाल और सीईओ आदित्य व्यास उपस्थित थे।

खबर संक्षेप

गायत्री शक्तिपीठ में निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर आज से

महासमुंद। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में युवा प्रकोष्ठ महासमुंद द्वारा तीन दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक में 8 मई से 10 मई तक प्रातः 8 से 11 बजे तक किया गया है। जिसमें कोई भी युवक-युवतियां शामिल हो सकते हैं। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बालक-बालिकाओं के लिए काम आने वाले महत्वपूर्ण विषयों का निर्धारण किया गया है। जिसमें कैरियर निर्माण कैसे करें? सफल जीवन जीने की कला, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, बालिका शिक्षा व नारी जागरण, स्वस्थ रहने के सूत्र, स्मरण शक्ति कैसे बढ़ाएं? स्वाध्याय जीवन की आवश्यकता, नशा मुक्ति अभियान, बाल संस्कार शाला एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों पर पावर पॉइंट एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से आकर्षक एवं मनोरंजन ढंग से प्रस्तुति किया जाना है । अतः महासमुंद के पालकों से निवेदन है कि अपने बच्चों को शिविर में अवश्य भेजें यह शिविर पूर्णता निःशुल्क है। कक्षा आठवीं से कॉलेज तक अध्ययन करने वाले बालक, बालिका दोनों इसमें भाग ले सकते हैं। आसपास के गांवों के युवाओं से भी अपील गई है कि वे गायत्री शक्तिपीठ महासमुंद में अपना पंजीयन करा कर कार्यक्रम का लाभ उठाएं।

आयोजन: छत्तीसगढ़ और ओडिशा के आमंत्रित संकीर्तन मंडली देंगे प्रस्तुति

तोषगांव में हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य अष्टप्रहरी कार्यक्रम 11 से, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली/बसना

तोषगांव में हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य अष्टप्रहरी आयोजन 11 से बसना/सरायपाली पूर्वी छत्तीसगढ़ के फुलझर राज्य अंचल के संस्कारधानी गांव के नाम से विशेष पहचान स्थापित ग्राम पंचायत तोषगांव में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी समस्त भगवत संकीर्तन प्रेमी ग्रामीण एवं अंचल के उदार दानदाताओं के जनसहयोग से आगामी 11 व 12 मई को आदि जगतगुरु शंकराचार्य व भक्तिकालीन सगुण कृष्ण भक्तिमार्गी महाकवि संत शिरोमणि सूरदास की जयंती और मातृ दिवस पर गौर-निताई गौरमठ मंदिर प्रांगण में हरि नामयज्ञ नाम संकीर्तन्य अष्टप्रहरी का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रथम दिवस 11 मई को कुलपुरोहित पंडित पुजारियों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार होगा। साथ ही ग्रामाधिपति यज्ञमानों के व्रत यज्ञीय संकल्पना से सर्व देवा-देवी देवाव्हान कलश स्थापना, पूजा, गौर- निताई जगन्नाथ भगवान के विग्रह मूर्तियों का महाआरती, मृदंग खोल-ताल पूजन व हरि नामयज्ञ अष्टप्रहरी का अखंड नामोच्चारण में ग्राम तोषगांव एवं आश्रित ग्राम मनकी के संकीर्तन मंडलियां प्रस्तुति देंगी। छत्तीसगढ़ के दो और पश्चिम ओडिशा के छह नामी आमंत्रित संकीर्तन मंडलियों खलिहापाली अताबिरा (ओडिशा), साल्हेपाली रेशम (ओडिशा), अड़ाईगुढ़ी रेशम (ओडिशा), तालमेंडा भेड़ेन (ओडिशा), ब्रम्हचारी- बरगढ़ (ओडिशा) , पहंडी- बिजेपुर (ओडिशा) और देवलगढ़ बरनाईदादर (छत्तीसगढ़) नाम जाप में सहयोग प्रदान करेंगे। द्वितीय दिवस वैशाख शुक्ल पक्ष पंचमी को कुलपुरोहित, पंडित, पंडा, पुजारियों, यज्ञमानों और ग्रामीण अनुष्ठानकर्ताओं की उपस्थिति में ग्राम्य वैभव सुख समृद्धि, गौ धन-धान्य, सद्भावना और विश्व कल्याण की मंगल कामना सहित यज्ञीय हवन पूजन पूर्णाहुति व मंदिर में विराजित आराध्य महाप्रभु भगवान जगन्नाथ को भोग प्रसाद समर्पित पश्चात संकीर्तन दर्शनार्थी सर्व जन समुदाय को हरिपंगत अभड़ा भोग महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।

दोपहर 12.30 बजे से हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य का गायन -वादन एवं कला प्रदर्शन का आकर्षण सांस्कृतिक छटा, भजन बैठकी का प्रस्तुति व दधीभंजन पश्चात विभिन्न वार्डों में नगर भ्रमण का कार्यक्रम रहेगा। हरि नामयज्ञ संकीर्तन आयोजन की तैयारी में आयोजन समिति के पदाधिकारीगण, ग्राम पंचायत जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण युवा वर्ग अपने -अपने दायित्वों के अनुसार पंडाल, वंदनवार, स्वागत द्वार आदि निर्माण कार्यों में युद्ध स्तर पर जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने संकीर्तन भगवत्प्रेमी सनातन धर्मानुरागी दर्शानार्थी भक्तवृंदों को बहु-संख्या में भाग लेकर इस पुण्य अवसर के भागी बन आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

संकीर्तन्य अनुष्ठान कराने का इतिहास प्राचीन

आयोजन समिति के संरक्षक विद्याभूषण सतपथी सेवानिवृत्त प्राचार्य समाज सेवी, राष्ट्रभाषा हिंदी अकादमी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष पुरुषोत्तम प्रकाश भोई एवं सलाहकार रासबिहारी विशाल ने बताया कि यह हरि नामयज्ञ संकीर्तन्य अनुष्ठान करवाने का इतिहास कितना प्राचीन है, हम नहीं जानते। परंतु, प्रतिवर्ष परम्परागत रूप में वैशाख मास के शुक्ल पक्ष में पूर्वजों की देन विरासत की यह परम्परा पूरी निष्ठा और तन्मयता से होता आ रहा है। तोषगांव हरि नामयज्ञ को अंचलवासी एक भक्ति गंगा तीर्थ महोत्सव के रूप में स्मरण करते हैं। इस दिन ग्राम के शासकीय-अशासकीय विभिन्न प्रदेशों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारी वर्ग यहां तक विदेशों में रहने वाले प्रवासी को भी यह दिन तोषगांव मातृभूमि की सोंधी महक खींच लाता है। हर घर दीपावली पर्व की भांति संकीर्तन दर्शानार्थी मेहमानों से गुलजार रहता है। पुराने इष्टमित्रों, बंधु बांधव का सम्मेलन का दिन होता है। यह जानकारी राजेंद्र सिंह सिदार शिक्षक ने दी है।

मैनपुर में खुला जिला सहकारी बैंक का एटीएम, अब किसानों को मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

क्षेत्र के किसानों को अब बैंक में लंबी लाईन लगाने से राहत मिल गई। क्योंकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मैनपुर में एटीएम मशीन लगाया गया है, ज्ञात हो कि जिला सहकारी बैंक में सबसे ज्यादा लेनदेन किसानों के द्वारा किया जाता है, और खेती किसानी का कार्य प्रारंभ होते ही जिला सहकारी बैंक में भारी भीड़ किसानों की लगी रहती है तथा राज्य व केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को मिलने वाला लांभाश राशि का वितरण भी जिला सहकारी बैंक के माध्यम से होता है। जिसके कारण जिला सहकारी बैंक में भारी भींड के चलते लेनदेन करने में किसानों को दिनभर का समय लग जाता है, कभी- कभी तो भारी भींड के कारण दो दिन तक पैसा नहीं मिल पाता। अब किसानों को भारी सुविधा मिलने लगी है, तहसील मुख्यालय मैनपुर स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित शाखा मैनपुर में एटीएम का शुभारंभ किया गया है, जिससे किसानों को पैसा निकालने के लिए अब बैंक में लाईन लगाना नहीं पडेगा। मैनपुर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक दुष्यंत कुमार ईगले ने बताया कि मैनपुर में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का एटीएम प्रारंभ हो गया है और 28 सौ से ज्यादा किसानों को एटीएम कार्ड का वितरण भी किया जा चुका है उन्होने कहा कि किसानों को पैसा निकालने के लिए बैंक में अब लाईन लगाने की जरूरती नही पडेगी किसान अब अपनी पैसा आसानी से एटीएम से निकाल सकते है, इस मौके पर प्रमुख रूप से शाखा प्रबधंक दुष्यंत ईगले, उत्तम सेन, दिनेश कमलेश व बडी संख्या में क्षेत्र के किसान उपस्थित थे ।

स्वामी आत्मानंद स्कूल में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

विद्यालय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तुमगांव में तनाव प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया गया था। जिसमें विद्यालय के प्राचार्य कुरील ने अपने विचारों को रखते हुए तनाव के कुछ लक्षणों से पालकों को अवगत कराया एवं वरिष्ठ व्याख्याता आईएल साहू एवं केआर साहू द्वारा तनाव से मुक्त होने के समाधान बताए गए। इस कार्यशाला में कुछ पालकों द्वारा भी तनावमुक्त होने के विषय में अपने विचार व्यक्त किए गए। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम के व्याख्याता गायगौरे द्वारा पालकों से निवेदन किया गया कि बच्चों से मित्रवत व्यवहार बनाए रखें एवं समय-समय पर बच्चों के व्यवहारों एवं गतिविधियों पर नजर बनाएं रखें।

कार्यशाला में विद्यालय के प्रमुख प्राचार्य कुरील दोनों माध्यमों के सभी शिक्षक, आईएल साहू, केआर साहू, रेवती रमण तारक, कामता प्रसाद साहू, पवन डडसेना, तिलक शर्मा, सिद्धांत गायगौर, सुरेश यादव, सागर झा, सत्यम पांडेय, सजल चंद्राकर, तरुण सिन्हा, लक्ष्मी नारायण साहू, लोकेश साहू, डोलेश होता, हेमलता साहू, अंकिता ठाकरे, मधुरिमा शर्मा, भारती भार्गव, सोनाली साहू, प्रगति साहू, लिली मजखंड, रूपाली गुप्ता एवं पालकगढ़ उपस्थित रहे।

कुरूसकेरा में गलियों को खोदा, ग्रामीण हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुरसाबांधा

समीपस्थ ग्राम कुरूसकेरा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पानी टंकी की निर्माण पूरा होने के बाद भी कई लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच रहा है। अभी भी कई घरों में नल कनेक्शन नही पहुंचा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। वहीं पाइप लाइन बिछाने नाम पर गलियों के बीचों -बीच खुदाई कर दिया गया है। जिससे लोगों को आने- जाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीवासियों ने जल्द से जल्द सभी घरों में कनेक्शन देकर पानी सप्लाई चालू करने एवं गलियों की मरम्मत करने की मांग ग्रामीणों ने किया है। अन्यथा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी ग्रामीणों ने दी है।

मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाना तीर्थ कराने जैसा : अग्रवाल

ऊंगली पर लगी अमिट स्याही का निशान दर्शाता है आपके विशेषाधिकार को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ऐसे मतदाता जिन्होंने अभी तक अपने मत का प्रयोग नहीं किया है, ऐसे मतदाता जो दिव्यांग है और ऐसे मतदाता जो बुजुर्ग है उन्हें मतदान केंद्र तक ले जाने में युवाओं को अपनी भूमिका दर्ज करनी चाहिए। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक ले जाना तीर्थ कराने जैसा है। मतदाताओं को समझाना होगा कि ऊंगली पर लगी स्याही सिर्फ निशान नहीं अपितु आपका विशेषाधिकार है जो प्रमाणित करता है कि आप अपने देश और प्रदेश के मुखिया का चुनाव करने में सक्षम हैं। उक्त उद्गार राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना उज्जैन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के आभासी पटल पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ अनुसुइया अग्रवाल प्राचार्य शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद व्यक्त कर रही थी।

विदित हो कि राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना के तत्वावधान में मतदान अधिकार और कर्तव्य, मतदान महोत्सव सुझाव एवं मार्गदर्शन विषय पर 289वीं अंतरराष्ट्रीय आभासी गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि डॉ. हरिसिंह पाल महामंत्री नागरी लिपि परिषद दिल्ली थे। अपने वक्तव्य को आगे बढ़ते हुए डॉ अनुसुइया ने कहा कि हमें जन-जन को समझाना होगा कि आपको अपने अधिकारों के लिए ही नहीं कर्तव्यों के लिए भी जागरूक होना है। उन्हें यह भी बताना होगा कि आपकी ऊंगली में लगी अमिट स्याही के कारण ही आप लोकतंत्र की जान और देश की पहचान के रूप में जाने जाते हैं। मतदान केंद्र तक जाकर अपने मत का प्रयोग करना एक महत्वपूर्ण कार्य है। राष्ट्र के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाइए और इस मतदान उत्सव को धूमधाम से मनाइए। डॉ अग्रवाल के अनुसार इस महोत्सव में विद्यार्थियों को मतदान मित्र के रूप में प्रशिक्षण देकर उनका सकारात्मक उपयोग किया जाना भी उचित होगा। विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद्र शुक्ल, शरद आलोक नार्वे ने कहा कि चुनाव के लिए चंदा नहीं लेना चाहिए और प्रलोभन भी नहीं देना जाना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि बृज किशोर शर्मा, पूर्व शिक्षा अधिकारी एवं अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से सारी चीजों को ठीक किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ दक्षा जोशी ने मतदान का महत्व काव्यात्मक रुप से किया।। विशिष्ट वक्ता डॉ. प्रभु चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि मतदान हमारा अधिकार एवं कर्तव्य है हमें पालन करते हुए सदुपयोग मतदान करना चाहिए।

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष एवं कुलानुशासक विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन ने अपने मंतव्य में कहा- पुरुषों की तुलना में महिलाएं मताधिकार के प्रति अधिक जागरूक हो गई हैं। डॉ. सुवर्णा जाधव कार्यकारी अध्यक्ष राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि जोड़कर छुट्टी आती है, तब तीर्थ यात्रा या घूमने के लालच में ना पड़े, मतदान करें। डॉ. रश्मि चौबे, गाजियाबाद राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष महिला इकाई राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने कहा कि सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से। विशिष्ट अतिथि पद्मचंद गांधी ने कहा कि एक-एक वोट से कई वोट बनते हैं, इसलिए सभी का मतदान जरूरी है।

विशेष अतिथि रंजीत कुमार बेंगलुरु ने कहा कि सरकारी अधिकारियों को ऑनलाइन वोट देने की सुविधा होनी चाहिए। प्रतिभा ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के लिए वोट की व्यवस्था हो। डॉ. मुक्ता कान्हा कौशिक ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को बिना किसी भेदभाव के मतदान का हक होना चाहिए। सुधा शिक्षिका चंडीगढ़ ने कहा कि नया नेता चुनते समय जनता का ख्याल रखे ऐसा नेता चुनना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन श्वेता मिश्रा राष्ट्रीय सचिव राष्ट्रीय शिक्षक संचेतना ने किया। श्वेता मिश्रा ने सरस्वती वंदना की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण डॉ. अनिता तिवारी भोपाल ने दिया। प्रस्तावना डॉ अरुणा शुक्ला, नांदेड़ ने प्रस्तुत की। सुषमा गर्ग दिल्ली, रजनी प्रभा पटना, जया सिंह रायपुर, रश्मि लता मिश्रा, डॉ शहेनाज शेख नांदेड़ आदि की संगोष्ठी में महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

सोसाइटियों में खाद-बीज लेने पहुंच रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्रा

आगामी खरीफ सीजन के लिए ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कसेकेरा में खाद और बीज का भंडारण हो गया है। इसी तरह नर्रा सेवा सहकारी समिति, परसुली सहकारी समिति, कोमाखान सहकारी समिति एवं कछारडीही में डीएपी, पोटाश, यूरिया, सुपर फास्फेट खाद और धान बीज लाल सरना, सफेद सरना, एक हजार एक मोटा, पतला एवं देवभोग पतला धान का भंडारण हो गया है। खरीफ सीजन के तैयारी के लिए किसान सोसायटी पहुंच रहे हैं। बताया जाता है कि इन दिनों क्षेत्र में ट्यूबवेल साधन वाले किसान रबी धान की कटाई जोर-शोर से चल रहा था। अचानक मौसम में बदलाव आने से मंगलवार अलसुबह पांच बजे गरज चमक के साथ अंचल के गांव में कही छिंटा तो कहीं बौछार होने की खबर है।

मौसम अचानक करवट लेने से अन्नदाता किसान तनाव में आ गए और खलिहान में रखे फसल को बारिश से बचाने के लिए पॉलीथिन तिरपाल लेकर सुबह से दौड़ पड़े। कुछ देर हवा के साथ हल्की फुल्की बारिश हुई। घर सामने गली में धान को तिरपाल से ढंक कर रख है। वहीं सुबह से लेकर दोपहर तक बादल छाए रहे और धूप छांव का दौर जारी है। जहां लोगों को गर्मी से थोड़ी सी राहत जरूर मिली है।

अमृतधारा पेयजल सेवा का शुभारंभ...

सरायपाली। मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा सरायपाली द्वारा अमृतधारा के तहत पतेरापाली में पेयजल सेवा शुरू किया गया है, जो गर्मी में लोगों को ठंडे पानी उपलब्ध कराएंगे। इस अवसर पर मंडल सहायक मंत्री रश्मि अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, अमृतधारा संयोजक नीलम अग्रवाल, रूपल अग्रवाल, सपना अग्रवाल, अंजली अग्रवाल, सानिया अग्रवाल उपस्थित रहे।

तीर्थयात्री रामेश्वरम धाम में श्रवण करेंगे भागवत कथा

महासमुंद। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रामेश्वरम धाम में किया गया है। 25 से 31 मई तक भागवत कथा का बखान आचार्य पंकज तिवारी करेंगे। इसके लिए तीर्थयात्री 18 मई से बस द्वारा रवाना होंगे। इस दौरान तीर्थयात्री अनेक तीर्थ स्थलों का भ्रमण करते हुए रामेश्वरम पहुंचेंगे। जहां कथा श्रवण के उपरांत यात्रा करते हुए 5 जून को वापस नगर पहुंचेंगे। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के देवेंद्र चंद्राकर गुड्डू, दिलीप जैन ने बताया कि तीर्थ यात्री विस्तृत जानकारी आयोजन समिति के कमल इंटरप्राइजेस से प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष बद्रीनाथ में भागवत कथा का अयोजन किया गया था। इस बार रामेश्वरम धाम में आयोजन किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में द्वारिकाधीश और जगन्नाथपुरी में भी कथा आयोजन करने की योजना है।

छात्रों को मानसिक तनाव तथा भयमुक्त रखने किया सम्मेलन

सरायपाली। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा में कक्षा दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में होने वाले तनाव को दूर करने के उद्देश्य से पालक, शिक्षक एवं शाला विकास समिति का सम्मेलन रखा गया। जिसमें अपने अपने पाल्यों के परीक्षा परिणाम पर हतोत्साहित न होने एवं मानसिक तनाव तथा भय मुक्त रखने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें शाला विकास समिति के सदस्य चतुर्भुज डडसेना, सरपंच कमलेश्वरी दीवान और प्राचार्य एके षडंगी के साथ साथ समस्त व्याख्याता व कर्मचारी उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान में वोट डालने मतदाताओं में दिखा उत्साह





पैरी उदगम भाठीगढ़ में भागवत सप्ताह 13 से

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 03 किलोमीटर दूर पैरी उदगम भाठीगढ़ में 13 मई से 21 मई तक

श्रीमद भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। इस दौरान कथावाचक पंडित श्री गोवर्धन दास वैष्णव द्वारा कथावाचन किया जायेगा। भाजपा मंडल के पूर्व अध्यक्ष रामदास वैष्णव ने बताया कि स्वर्गीय कंवलदास वैष्णव की स्मृति में यह श्रीमद भागवत कथा ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने समस्त क्षेत्रवासियों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

बारात में नाचने के दौरान हुई मारपीट, जुर्म दर्ज

महासमुंद। ग्राम बल्दीडीह में निकली बारात में नाचने के दौरान मारपीट होने का मामला सामने आया है। सांकरा पुलिस को प्रार्थी विभीषण भोई पिता उपेंद्र भोई (19) निवासी सीतापुर बसना ने बताया कि आरोपी नरेंद्र तांडी निवासी सांकरा ने बारात में नाचने के दौरान धक्का करने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, चाकू से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

महिला से मारपीट मामले में जुर्म दर्ज

महासमुंद। बसना के वार्ड 10 मेंएक महिला के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थिया उर्मिला बंजारा पति अभिमन्यु बंजारा (50) के साथ आरोपी गोलू उर्फ जसप्रीत अरोरा और दो अन्य लोगों ने मारपीट, गाली गलजौ करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया को जमीन पर गिरने से सिर व दाहिने हाथ में चोट भी आई है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

ग्रामीणों में भारी आक्रोश : कोदोभाठ में पानी टंकी के निर्माण के 4 माह बाद भी नलों में नहीं आ रहा पानी

करोड़ों रूपये फूंकने के बाद भी ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है जल जीवन मिशन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- स्कूल व मोहल्ले के हैंडपंप को ठेकेदार द्वारा खराब कर दिये जाने से दो किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपालपुर के आश्रित ग्राम कोदोभाठ में शासन के महत्वपूर्ण योजना जल जीवन मिशन योजना के तहत लाखों रूपये खर्च कर घर -घर पेयजल पहुंचाने के लिए पानी का टंकी का निर्माण कर घर- घर नल कनेक्शन लगाया गया है। पानी टंकी निर्माण किये चार माह पूर्ण हो चुके है। लेकिन संबधित अधिकारियों और ठेकेदार के लापरवाही के कारण इस भीषण गर्मी में आदिवासी ग्रामीणों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। और तो और इस मोहल्ले में जो हैंडपंप था उसमें जल जीवन मिशन योजना के मोटर लगा देने से हेडपंप धसक जाने से अब इस मोहल्ले के लोगों को दो किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। कई बार ग्रामीण इस मामले की शिकायत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं स्थानीय अधिकारियों से कर चुके हैं, लेकिन ग्रामीणों की इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है, ग्रामीणों ने कहा कि जब भीषण गर्मी में इस विशाल पानी के टंकी से ग्रामीणों को पीने के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है तो इसका निर्माण किया जाना औचित्यहीन है, सरपंच गोपालपुर खेलन दीवान ने बताया कि कई बार उन्होने जल जीवन मिशन के संबधित ठेकेदार और अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा ध्यान नहीं देने से कोदोभाठ स्कूल पारा के ग्रामीणों को दो किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। यह आक्रोश कभी आंदोलन के रूप में सामने भी आ सकता हैं। ग्राम कोदोभाठ के ग्रामीण पारेश्वर नेगी, रूपसिंह यादव, संगनी बाई, खेलूबाई, बंशीलाल यादव, अंकुराम यादव, सुरेश यादव, रेखा नेगी, परमेश्वरी नेताम ने बताया कि कि जल जीवन मिशन योजना के तहत इस विशाल पानी टंकी का निर्माण कार्य 04 माह पहले पूर्ण हो चुका है, घरों में नल कनेक्शन लगाया गया है जो अब टूट- फूट रहा है, ठेकेदार द्वारा इस मोहल्ले में एक मात्र हैंडपंप था जिसमें मोटर लगाकर पानी भरने का प्रयास किया जा रहा था कि पूरा हैंडपंप ही धसक गया जिसके कारण इस मोहल्ले में अब हैंडपंप नहीं होने से लोगों को पानी के लिए 02 किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है और ठेकेदार द्वारा अभी तक पानी टंकी को प्रारंभ नहीं किया गया है। किसी के घर पानी नहीं आ रहा है।

सरपंच ने कहा- ठेकेदार और विभाग के लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

ग्राम पंचायत गोपालपुर के सरपंच खेलन दीवान ने बताया कि लाखों रूपये खर्च कर पानी टंकी का निर्माण किया गया है। घर- घर नल कनेक्शन लगाया गया है लेकिन ठेकेदार द्वारा नया बोर खनन के बजाय कोदोभाठ के हैंडपंप में मोटर डाल देने से हैंडपंप धसक गया और जो हैंडपंप से ग्रामीणों को पानी मिल रहा था वह भी बंद हो गया। अब ग्रामीण 02 किलोमीटर दूर से पानी लाकर पी रहे हैं, सरपंच ने बताया कि कई बार ठेकेदार और पीएचई विभाग के अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं। सिर्फ आज कल में हो जायेगा बोलकर आश्वासन दे रहे हैं। जबकि इस भीषण गर्मी में ग्रामीणों को पीने के लिए इस नया टंकी से पानी मिलना चाहिए।

बदला मौसम का मिजाज, आंधी तूफान के साथ हुई बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

क्षेत्र में मंगलवार को सुबह 4 बजे तेज आंधी और बारिश शुरू हुआ जो 10 बजे दिन तक तेज हवा के साथ बारिश होती रही। दिन में अंधेरा छा गया, इसके चलते लोगों को गाड़ियों की लाइट जलाकर चलाना पड़ा। आंधी- तूफ़ान और बारिश के कारण कई जगह विधुत खंभों पर शार्ट सर्किट हुआ। जिसके चलते दिन भर बिजली की आंख मिचौली होती रही। मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी से जलवाष्प हवा तेजी से आ रही है। इसके परिणामस्वरूप गरज के साथ बारिश हो सकती है। इसके साथ ही 50 से 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकती है। बता दें कि प्रदेश में 7 मई को मौसम में बदला हुआ है। बारिश भी हो गई है। आंधी, गरज चमक का दौरा जारी है। यहां तेज हवाओं से घरों की छत उड़ने की भी सूचना मिल रही है। बीती रात लगभग 3 से 4 बजे के बीच तेज आंधी तूफ़ान और गरज से गर्मी से राहत तो मिली है, परंतु आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। क्षेत्र में रबी फसल लेने वाले किसानों के लिए तेज हवा और बारिश मुसीबत बन गई है। तेज हवा और बारिश से धान की फसल को नुक्सान हुआ है। बताया जा रहा है कि आंधी तूफ़ान व बारिश के कारण धान की फसल खेत में झुक गई है। इससे फसल को नुक्सान हुआ है। खेत में पानी भरे रहने से धान खराब होने का खतरा बना हुआ है। किसानों ने कहा कि फसल पक कर पूरी तरह तैयार हो चुकी है। अब तेज हवा औ बारिश बाधा बन रही है।

मैनपुर क्षेत्र में सुबह झमाझम बारिश दिनभर उमस से रहे लोग परेशान

मैनपुर। तहसील मुख्यालय सहित क्षेत्र में मंगलवार सुबह 6 बजे मौसम का मिजाज एकदम बदल गया और देखते ही देखते झमाझम बारिश होने लगी। लगभग एक घंटे तक रिमझिम बारिश के बाद अचानक पानी गिरना बंद हो गया। इसके बाद दिनभर तेज धूप व उमस से लोग परेशान रहे। इस बीच बिजली की कटौती से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा।

गणवेश, छात्रवृत्ति, शिक्षा गुणवत्ता व स्कूल मैपिंग पर हुई चर्चा

डीईओ ने प्राचार्यों की ली समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत द्वारा सभी अशासकीय विद्यालय के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत ने नवीन प्रवेश की जानकारी के साथ-साथ भौतिक संसाधनों, आरटी के तहत प्रवेश, बच्चों के लिए पाठ्यपुस्तक, गणवेश, छात्रवृत्ति, शिक्षा गुणवत्ता व स्कूल मैपिंग पर विस्तार से चर्चा किये। यू-डाइस में बचे हुए छात्रों की एंट्री पर चर्चा किये। नोडल प्राचार्य वायआर साहू ने सभी विद्यालय में किस तरह से आर टी के तहत रिक्त स्थान ऑनलाइन आवेदन के लिए चिन्हांकित होते है, के संबंध में जानकारी दिये है। अभिभावक संघ का गठन, स्कूल स्तर और जिला स्तर पर फीस समिति गठन करने की जानकारी, उनके कार्य

किस तरह किया जाता है, फीस की वृद्धि कितने माह पूर्व समिति के अनुमोदन के पश्चात जिला से अनुमोदन की अनिवार्यता की जानकारी दिया गया। जिला सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर द्वारा यू डाइस में स्टूडेंट्स एंट्री, जीरो एनरोलमेंट की डाइस को किस तरह विलोपन करना, स्कूल में मुख्य रूप से किस जानकारी को डिस्प्ले करने की जानकारी दिया गया।डी एम सी खेल सिंह

नायक ने आर टी से प्रवेशित बच्चों को सामान्य वर्ग के बच्चों के साथ सहयोगात्मक भाव से अध्यापन करने जिसमें पात्र वर्ग के बच्चें अच्छे से ज्ञान अर्जन कर सके, जिला शिक्षा अधिकारी ने आर टी के तहत जिन स्कूलों द्वारा अभी तक राशि की मांग नहीं किये हैं। वे शाखा प्रभारी कृत कुमार कुर्रे के पास जमा करने तथा नोडल अधिकारी को सतत निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम का संचालन सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद के व्यस्थापक गिरीश उपासने द्वारा किया गया।

प्लेन शराब जब्त

महासमुंद। नगर के पुराना मलेरिया ऑफिस के पास पुलिस ने आरोपी राकेश साहू पिता हेमलाल साहू (30) निवासी वार्ड 27 गुडरूपारा के कब्जे से 5940 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 2970 रुपए जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।